हिंदी दैनिक
**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी

नागपुर, रविवार, 1 दिसंबर 2024



## कुरान पढ़कर उस पर अमल करें: मौलाना मदनी

**नागपुर।** मदरसा फारू-ए -आज़म बाबा दीपनगर नारी का जलसा सीरत अन्नबी व दस्तारबंदी का कार्यक्रम नूरानी ग्राउंड मोमिनपुरा में आयोजित किया गया. जिसमें प्रमुख वक्ता हजरत मौलाना सय्यद अजहर मौलाना सैयद अरशद मदनी अपने वक्तव्य में कहा है की उम्मत को अल्लाह की रस्सी को मजबूती से पड़कर उस पर अमल करें. कुरान पूरी दुनिया के लिए अमन का पैगाम देता है. मौलाना मदनी ने कहा, कुरान पढ़कर उस पर अमल करें.


इस अवसर पर सैयद मुफ्ती मोहम्मद हुजैफा हाफिज मोहम्मद मसूद ने भी अपने विचार रखें. कार्यक्रम के दौरान मदरसा फारूक-ए-आजम के विद्यार्थियों ने जो शिक्षा प्राप्त की उसको बेहतर तरीके से आम नागरिकों के सामने पेश किया. इस अवसर पर मदरसे के विद्यार्थियों की दस्तारबंदी मौलाना सैयद अजहर मदनी के हाथों की गई. मदरसे के कन्वीनर अब्दुल महबुड, मौलाना असीर साहब के अलावा मदरसे के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया.

# स्पा सैलून की आड़ में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा

## पुलिस ने 4 महिलाओं को किया रेस्क्यू, एक गिरफ्तार

**नागपुर।**

क्राइम ब्रांच के सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम ने सोने गांव पुलिस थाना अंतर्गत वर्धा रोड स्थित लक्ष्मी विहार कॉम्लेक्स स्थित एक स्पा सैलून की आड़ में चल रहे जिस्मफरोशी के अड्डे का पर्दाफाश किया है. इस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है. उसके कब्जे से 4 पीड़ित महिलाओं को भी छुड़वाया गया है. पैसों का लालच देकर आरोपी इन महिलाओं से इस धंधे को अंजाम दे रहा था. आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए सोने गांव पुलिस के हवाले किया गया है.



क्राइम ब्रांच के सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम को जानकारी मिली थी कि सोने गांव पुलिस थाना अंतर्गत स्पर्श सैलून एकेडमी एंड स्पा सेंटर की आड़ में महिलाओं से पैसों का लालच देकर देह व्यवसाय करवाया जा रहा है. इसी जानकारी के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक भेज कर पहले तस्दीक की और एक महिला का सौदा ढाई हजार रुपए में तय किया. जैसे ही कमरे में लड़की पहुंची पहले से ही ताक में बैठी पुलिस की टीम ने छापा मार कार्रवाई की.

इस दौरान मौके से मनोज उर्फ राजा रमेश बंदेवार (24) मूलत छिंदवाड़ा निवासी वर्तमान में फ्लैट नंबर 101, लक्ष्मी विहार अपार्टमेंट, वर्धा रोड नामक दलाल को गिरफ्तार किया गया है, जो कि पिछले 6 महीनों से इस धंधे को चला रहा था. इस कार्रवाई के दौरान चार महिलाओं को भी पुलिस ने रेस्क्यू किया है. दो महिलाएं नॉर्थ ईस्ट राज्य से हैं जो कि पिछले तीन महीनों से नागपुर आई थी और इस धंधे से जुड़ी थी उन्हें हर महीने के 24000 रुपए मेहनताना के साथ ही हर कस्टमर पर कमीशन दिया जाता था. जबकि दो महिलाएं नागपुर की ही रहने वाली हैं. परिसर वासियों द्वारा इस सैलून की आड़ में सेक्स रैकेट चलाए जाने की जानकारी पुलिस को दी थी. जिसके बाद पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया.

### रमेश पर पहले भी पिटा एक्ट के तहत केस दर्ज

बताया जा रहा है कि आरोपी रमेश के खिलाफ इससे पहले भी पिटा एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं. आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए सोनेगांव पुलिस थाने में हवाले किया गया है. तो वहीं रेस्क्यू की गई चारों महिलाओं को महिला सुधार गृह में भेजा गया है.



## अगरबत्ती के कारखाने में लगी आग

**> काफी मशक्कत के बाद पाया गया काबू**

**नागपुर।**

कलमना के ओमसाईनगर इलाके की एक बिल्डिंग के दूसरे माले पर स्थित अगरबत्ती के कारखाने में शनिवार की सुबह आग लग गई. जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है.

एचबी टाउन निवासी मुजील मोहम्मद अंसारी ने ओम साईनगर की तीन मंजिला इमारत के दूसरे माले पर मुजील डायमंड अगरबत्ती का कारखाना है. यह इमारत रिहायशी होने के बावजूद कारखाना शुरू हो गया और प्रशासन को कोई जानकारी तक नहीं थी. शनिवार की सुबह 8.40 बजे के दौरान कारखाने में आग लगने के कारण इमारत से धुआ उठने लगा. स्थानीय नागरिकों ने पुलिस और दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी. कलमना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. कलमना फायर स्टेशन के अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. आग तेजी से फैल रही थी. इसीलिए लकड़गंज और सक्करदरा फायर स्टेशन से भी दमकल वाहन बुलाए गए.

अगरबत्ती बनाने के लिए यहां बांस की बारीक लकड़ी, कोयला, भूसा, सेंट और अन्य पदार्थ का स्टॉक किया गया था. सभी ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैलती जा रही थी. इमारत भले ही रिहायशी थी लेकिन ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पूरा खाली था. इसीलिए कोई जनहानि नहीं हुई. दोनों तरफ से दमकल विभाग ने पानी की बौछार शुरु की. करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन पूरी तरह आग बुझाने में पुलिस को 4 से 5 घंटे लगे. पुलिस और दमकल विभाग ने पंचनामा कर जांच शुरु की है. आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है.

## घातक हथियार के साथ घूमता मिला अपराधी



**नागपुर।** इमामवाड़ा पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने संदिग्ध नजर आये युवक का पीछा कर जब पकड़ा तो उसके पास से चाकू मिला. उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी का नाम तेलंगखेडी निवासी जेम्स उर्फ टकली पैंटिंग सिंह (26) बताया जा रहा है. जांच में पता चला कि जेम्स के खिलाफ प्रतिबंधक कार्रवाई जारी है जिसका उसने उल्लंघन किया था.

जानकारी के अनुसार, रात करीब 11 बजे ईमामवाडा पुलिस थाने के गश्ती दल को तेलंगखेडी मस्जिद के पास एक युवक संदिग्ध रूप से घुमता दिखाई दिया. पुलिस को देखकर उसने भागना शुरू कर दिया. ऐसे में पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा किया और धरदबोचा. तलाशी लेने पर उसके पास लोहे का चाकू मिला. उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

## महिला पर हुआ जानलेवा हमला

**नागपुर।** इमामबाड़ा थानाक्षेत्र में एक महिला पर 3 आरोपियों द्वारा जानलेवा हमले का मामला सामने आया है. पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जिसका नाम हजारेवाडी निवासी अभिषेक बंडूजी चनोडे (22) बताया जा रहा है। जबकि अन्य आरोपियों में अंश कलंबे और चेतन भंडारकर के नाम शामिल है.

जानकारी के अनुसार, वकीलपेठ निवासी सुरेखा पद्माकर सावरकर अपने बेटे शुभम के साथ रहती है. शाम करीब 5 बजे तीनों आरोपी सुरेखा के यहां पहूंचे और कहा कि तेरा बेटा शुभम कहां हैं? सुरेखा द्वारा जवाब नहीं दिये जाने



पर आरोपियों ने उसी से मारपीट शुरू कर दी. लकड़ी और पत्थर से सुरेखा पर हमला कर दिया जिससे उसके हाथ और शरीर पर चोटें आई. सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा. पुलिस ने अभिषेक को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया जबकि बाकी आरोपी भाग गये थे. पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी. जांच जारी है.

## 'शिवशाही' बस दुर्घटना का प्रमाण सबसे ज्यादा

**नागपुर।** महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एसटी) में शिवशाही बसों की दुर्घटनाओं की संख्या सबसे अधिक है. इन बसों की हालत खराब होने के बावजूद निगम एयर कंडीशनिंग के नाम पर सबसे अधिक यात्री किराया वसूलता है. गोंदिया जिले में शिवशाही बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एसटी) की इस बस की खराब हालत का मुद्दा एक बार फिर सामने आया है. राज्य में एसटी महामंडल के पास साधारण, निम आराम, स्लिपर कोच, शिवशाही, इलेक्ट्रिक सहित सभी प्रकार की लगभग 15 हजार 600 बसें हैं. इसमें 892 शिवशाही बसें शामिल हैं. एसटी निगम की बसों की दुर्घटना दर 0.17 प्रतिशत है. यानी हर छह लाख किलोमीटर पर एक दुर्घटना दर्ज की जाती है. इसमें शिवशाही बस की दुर्घटना दर 0.29 फीसदी है. यानी हर 3 लाख 50 हजार किलोमीटर पर 1 दुर्घटना रिपोर्ट हो रही है. इसलिए एसटी ट्रेड यूनियन का आरोप है कि शिवशाही बस से यात्रा करने वालों की जान खतरे में है.



## जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आया फाउंडेशन

**नागपुर।** हालही में नागपुर के तीन बच्चों का अलग-अलग जगह गंभीर एक्सीडेंट हुआ. तिनों को गंभीर चोट आने की वजह से डॉक्टर ने तुरंत ऑपरेशन करने की सलाह दी और बडे अस्पताल में भेज दिया. तीनों बच्चे मध्य वर्गीय परीवार होने से ईलाज में परेशानी हो रही थी. इसकी जानकारी जब मीम खिदमत-ए-खल्क फाउंडेशन को मिली तो संस्था के सस्दस्यों ने तुरंत अपना मदद का हाथ आगे बढ़ाया.

संस्था के सस्दस्यों ने कुछ लोगों की मदद से तीनों बच्चों के ईलाज के लिए कुछ रकम दी. सरकारी योजना का भी फॉर्म भरा गया. इससे उन्हें कुछ और मदद मिली. इस तरह से खिदमत-ए-खल्क फाउंडेशन ने इन मरीजों की मदद कर मानवता का धर्म निभाया. इस दौरान फाउंडेशन ने और एक जरुरतमंद फैमिली जिनकी बच्ची का निकाह के लिए मदद फरहाम की गई.

## दो बालक मिलकर शहर में कर रहे थे चोरियां

**> तीन दुपहिया सहित 4.69 लाख का माल भी मिला**

**नागपुर।**

यशोधरा नगर पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान राजीव गांधी नगर पुलिया के नीचे दो नाबालिग बालकों को एक दोपहिया गाड़ी पर जाते हुए पकड़ा है. जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास सोने चांदी के आभूषण भी मिले. पूछताछ करने पर उनके पास मिली गाड़ी चोरी की निकली। गहनों के बारे में भी संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाने के चलते उन्हें थाने लाया गया.

अधिक पूछताछ करने पर उन्होंने कबुली दी कि उन्होंने यशोधरा नगर पुलिस थाना अंतर्गत ही एक और होंडा शाइन गाड़ी चोरी



करने का बताया. इसके साथ ही वाड़ी पुलिस थाना अंतर्गत उन्होंने चोरी में इस्तेमाल की गई एक्टिवा गाड़ी चोरी की थी. उसके बाद उन्होंने यशोदरा नगर पुलिस थाना अंतर्गत एक घर में चोरी की. एक चोरी की पल्सर गाड़ी भी इन दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद की. इस गाड़ी को कुही परिसर से उन्होंने अपने एक अन्य साथी की मदद से चुराया था. पुलिस उसके दूसरे साथी विक्की योगेश डेहरिया (26) धम्मदीप नगर यशोधरा नगर निवासी की भी तलाश कर रही है. पुलिस ने दोनों नाबालिग के पास से तीन दोपहिया वाहन सहित 469500 रुपयों का बरामद किया है.

## शालीमार का ओवरहेड तार टूटा, कई ट्रेनें लेट

**नागपुर।** शालीमार एक्सप्रेस का ओएचई तार टूटने से नागपुर-हावड़ा रेलवे लाइन पर रेल यातायात पर बुरा असर पड़ा. घटना शुक्रवार दोपहर कामठी के पास हुई. रेलवे कर्मचारियों की काफी देर की मशक्कत के बाद इस लाइन पर यातायात बहाल हो सका. यात्रियों को काफी असुविधा हुई.

लोकमान्य तिलक शालीमार एक्सप्रेस का एक पेंटो ओएचई (ओवर हेड वायर) कामठी में रामानगर रेलवे स्टेशन के पास 564 लेवल क्रॉसिंग पर फंस गया और टूट गया. जिसके चलते यह ट्रेन काफी देर तक रुकी रही. इसकी भनक लगते ही इस रूट के दोनों ओर से आने-जाने वाली ट्रेनों का परिचालन कुछ देर के लिए रोक दिया गया. परिणामस्वरूप कामठी की ओर जाने वाली ट्रेन संख्या 12151 समरसता एक्सप्रेस, 12222 हावड़ा-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस, 12844 अहमदाबाद पुरी एक्सप्रेस को मौके पर ही रोक दिया गया. इस बीच जैसे ही ओएचई टूटने की जानकारी हुई तो रेलवे के वरिष्ठ इंजीनियरों समेत कर्मचारियों की टीम वहां पहुंच गयी. तार काफी क्षतिग्रस्त हो गया था. यह महसूस किया गया कि इसे ठीक करने में काफी समय लगेगा, इसलिए डाउन लाइन को बंद कर दिया गया और अप लाइन को चालू कर दिया गया. इस लाइन से दोनों तरफ की ट्रेनों को रवाना गया. डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ओएचई को सफलतापूर्वक दुरुस्त कर लिया गया. इस बीच मरम्मत कार्य में देरी के कारण ट्रेन क्रमांक 20825 बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, 12409 रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस, 08282 बिलासपुर स्पेशल, 09714 बालाघाट मेमू आदि ट्रेनें प्रभावित रहीं. मुंबई हावड़ा एक्सप्रेस को भी काफी देर तक नागपुर स्टेशन पर रोका गया.

## नगदी और गहने चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**>क्राइम ब्रांच की टीम ने 10 घंटों के भीतर पकड़ा**

**नागपुर।**

गिट्टीखदान पुलिस थाना अंतर्गत अनंत नगर स्थित एक फ्लैट में हुई चोरी मामले का पर्दाफाश करते हुए 10 घंटों के भीतर ही क्राइम ब्रांच की टीम ने एक चोर को गिरफ्तार किया है. सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग के बाद आरोपी की पहचान हुई. जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया. इस कार्रवाई के दौरान उसके पास से करीब 22 लाख 13 हजार रूपयों के माल को भी बरामद किया गया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार गिट्टीखदान पुलिस थाने के अनंत नगर, राठौड लेआउट में साई कृपा अपार्टमेंट के फ्लैट क्रमांक 401 में प्रीति चारुदत्त कांबले (52) अपने



परिवार के साथ रहती हैं. शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे के दौरान प्रीति अपने परिवार सहित फ्लैट को लॉक कर अनंत नगर स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा में पैसे निकालने के लिए गई थी. इसी बीच अज्ञात चोर ने उनके घर से सेंध मारी कर करीब सोने-चांदी के आभूषण और नगदी पर हाथ साफ किया था. 1 घंटे के बाद जब प्रति अपने घर पहुंची तब उन्हें घर में चोरी होने की बात का पता चला और इसकी शिकायत गिट्टीखदान पुलिस से की. इस मामले की जांच के दौरान ही क्राइम ब्रांच की टीम को आरोपी के कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले जिसे देखते ही उसकी पहचान शातिर चोर रोशन सेवकदास मेश्राम (41) आईबीएम रोड गेट एग्जाम निवासी के रूप में हुई.

यह कार्रवाई डीसीपी राहुल माकणीकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक रविंद्र नाईकवाड, कर्मचारी श्रीकांत उईके, प्रशांत गभने, प्रवीण रोडे, निलेश श्रीपात्रे, सुधीर सौंधरकर,आशीष वानखेड़े,सुधीर पवार और लता गवई ने की है.

**22.83 लाख का माल बरामद**

बताया जा रहा है कि इससे पहले भी रोशन के खिलाफ चोरी के कई मामले शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज हैं। तुरंत पुलिस की टीम ने उसके घर पर जाकर उसे गिरफ्तार किया. उसके पास से चोरी के करीब 22 लाख 83 हजार रूपयों के माल को भी बरामद किया गया है. उसे माल सहित आगे की कार्रवाई के लिए गिट्टीखदान पुलिस के हवाले किया गया है.

## एयरपोर्ट पर बाधा निर्माण करने की सूचना निकली अफवाह

**नागपुर।** नागपुर शहर पुलिस कंट्रोल रूम को शाम करीब 7.30 बजे मिली एयरपोर्ट के नार्थ-ईस्ट रेंज में बाधा पसराने की सूचना अफवाह साबित हुई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस कंट्रोल रूम को एयरपोर्ट कंट्रोल रूम के अधिकारी ने कॉल करके बताया कि एयरपोर्ट के नार्थ-ईस्ट रेंज में हवाई जहाजों के परिचालन में बाधा पहुंचाई जा रही है. पुलिस कंट्रोल रूम से सोनेगांव पुलिस को सूचित किया गया. एक पुलिस दल तुरंत मौके पर पहुंचा. पता चला कि ये क्षेत्र हिंगना थानाक्षेत्र में आता है. कुछ ही देर में हिंगना पुलिस भी पहुंच गई और नार्थ-ईस्ट रेंज में सघन तलाशी की गई. पूरे परिसर में तलाशी के बाद भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला. इसके बाद एयरपोर्ट कंट्रोल रूम को भी उक्त जानकारी दे दी गई.

## बैंक से कर्ज दिलाने के नाम पर 55 लाख की ठगी

**>महिला सहित 39 अन्य लोगों को लगाया चूना**

**नागपुर।** निजी बैंक से कर्ज दिलाने के नाम पर तीन दुकानदारों ने महिला सहित 39 अन्य लोगों से 55 लाख रूपयों का चूना लगा दिया गया. धंतोली पुलिस थाने में फरियादी महिला किरण सतीश पाटिल (33) चिंतामणि नगर, दाभा, गिट्टी खदान निवासी की शिकायत पर यह मामला दर्ज हुआ है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार किरण पाटिल अपनी सहेली के साथ धंतोली परिसर स्थित मेहता चैंबर, झांसी रानी चौक में एक मोबाइल दुकान में मोबाइल खरीदने के लिए गई थी. इस दौरान उसकी पहचान आरोपी कृष्णा गुप्ता, रवीना कृष्णा जोतवानी और अमित जैन से हुई आरोपियों ने महिला को तब बताया कि वह एचडीएफसी बैंक से कर्ज दिलवाने का




काम करते हैं. इसके लिए उन्होंने किरण से उसके महत्वपूर्ण कागजात लिए थे.

इन कागजात के सहारे आरोपियों ने कर्ज भी लिया. परंतु इस कर्ज को किरण को नहीं देते हुए खुद के लिए इस्तेमाल किया. कुछ किस्तों को भरने के बाद उन्होंने किस्त भरना बंद कर दिया. जिसके बाद बैंक वाले जब किरण पाटिल के घर पहुंचे और मामले का खुलासा हुआ तब उन्होंने किसकी शिकायत पुलिस से कर दी. बाद में पता चला कि आरोपियों ने किरण सहित अन्य 39 लोगों को भी इसी तरह अपनी धोखाधड़ी का शिकार बनाया था. यह धोखाधड़ी अप्रैल 2023 से 29 नवंबर 2024 के दौरान अंजाम दी गई. अभी तक किरण सहित अन्य 39 लोगों से करीब 55 लाख रुपयों की धोखाधड़ी की थी.

# शीतकालीन सत्र की तैयारियां जोरों पर

## दूसरे सप्ताह से शीतकालीन अधिवेशन होने की संभावना

**नागपुर।**

अगले सप्ताह राज्य की नई सरकार का गठन हो जाएगा. उसके बाद नई सरकार का पहला शीतकालीन अधिवेशन दिसंबर महीने के दूसरे सप्ताह से महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में होना तय है. इसको लेकर शीतकालीन सत्र की तैयारियां भी जोरों से चल रही है. विधान भवन, रवि भवन, नाग भवन, विधायक निवास आदि में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, फर्नीचर की दुरुस्ती, नवीनीकरण आदि कार्यों ने जोर पकड़ लिया है.

विधान भवन के साथ ही मंत्रियों के बंगलों के बाहर पंडाल लगाने के लिए बांस-बल्ली बांधने का कार्य भी तेज गति से चल रहा है. चुनाव करवाने के बाद पूरा सरकारी अमला



अब शीत सत्र की तैयारियों में जुट गया है. सरकार का गठन होने के बाद मुंबई से भी जायजा लेने के लिए अमला आएगा. फिलहाल सिविल लाइन्स क्षेत्र में तैयारियां नजर आ रही हैं. शहर में सड़कों की मरम्मत, डिवाइरों की पेंटिंग का कार्य भी चल रहा है. तीन पार्टियों का गठबंधन होने के चलते पहले की ही तरह दो डिप्टी सीएम होना भी तय है। एक डिप्टी सीएम अजित पवार निश्चित हैं जिनके लिए पिछले शीत सत्र के दौरान निवास स्थान 'विजयगढ़' तैयार किया गया था. इस बार भी उनका स्वागत 'विजयगढ़' में होगा. वहीं डिप्टी सीएम के निवास स्थान 'देवगिरी' में इस बार भी देवेन्द्र फडणवीस आएंगे या फिर उनकी जगह एकनाथ शिंदे का स्वागत यहां होगा, यह फिलहाल पर्दे के पीछे है। बता दें कि 2014 से 2019 तक तत्कालीन सीएम देवेन्द्र फडणवीस रामगिरी में रहे। उसके बाद महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी तो रामगिरी सीएम उद्धव ठाकरे की हो गई। फिर सत्तापलट के बाद शिंदे सीएम और देवेंद्र फडणवीस डिप्टी सीएम बने। रामगिरी शिंदे की हुई और फडणवीस देवगिरी चले गए थे.

## हत्यारे को हुई आजीवन कारावास की सजा

**> दोस्त की मां को उतारा था मौत के घाट**

**नागपुर।** बचपन के दोस्त की मां का गला रेतकर हत्या करने वाले आरोपी को अतिरिक्त जिला व सत्र के न्यायाधीश एम.वी. देशपांडे की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. दोषी करार दिया गया आरोपी देशपांडे लेआउट निवासी नवीन सुरेश गोटाफोड़े (30) बताया जा रहा है. नंदनवन पुलिस ने बाल्या अशोक मुले (31) की शिकायत पर मामला दर्ज किया था.

बाल्या और नवीन बचपन के दोस्त थे. नवीन आपराधिक प्रवृत्ति



का था. वर्ष 2017 में उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था. इस मामले में वह जमानत पर बाहर आ गया था. जेल से निकलते ही उसने वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दिया और दोबारा जेल पहुँच गया. वर्ष 2020 की शुरुआत में कोरोना पैर पसारने लगा और सरकार के निर्देशानुसार न्याय प्रविष्ट कैदियों को पैरोल पर छोड़ने का निर्णय आया.

1 अप्रैल 2020 को नवीन जेल से पैरोल पर बाहर आया. पिता ने उसे घर पर नहीं आने दिया. इसीलिए दूसरे दिन 2 अप्रैल को वह बचपन के दोस्त बाल्या के घर पर गया. नवीन की आपराधिक गतिविधियों और कोरोना के चलते नवीन की मां सुशीला मुले (54) ने उसे घर पर नहीं आने दिया. बाल्या के घर पर होते हुए भी उसके नहीं होने की जानकारी दी. इससे नवीन बौखलाया हुआ था. 4 अप्रैल की सुबह 10.30 बजे के दौरान वह फिर सुशीला के घर पर गया उस समय बाल्या घर पर ही आराम कर रहा था. सुशीला किचन में काम कर रही थी.

CMYK

# सावनेर तहसील के 206 बच्चे ओलंपियाड परीक्षा में लेंगे भाग

**सावनेर.**

स्कूलों में बच्चों के परीक्षा परिणाम की फाइल तैयार करने की अनूठी पहल, पालकों को दिखाए जाएंगे बच्चों के प्रदर्शन के दस्तावेज।

पिछले वर्ष सावनेर तहसील की चनकापुर जिला परिषद स्कूल ने ओलंपियाड जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की परीक्षा की शुरुआत की थी। इस साल, तहसील के 206 बच्चे ओलंपियाड परीक्षा में हिस्सा लेंगे, जो दिसंबर माह में आयोजित होगी। वलनी खदान जिला परिषद स्कूल के 30, चनकापुर के 101, उमरी केंद्र के 9 स्कूलों के 70 और खुरसापर स्कूल के 5 बच्चे इस परीक्षा में शामिल होंगे।

उप सभापति राहुल तिवारी ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए एक अनूठी पहल की है। सभी जिला परिषद स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की मासिक, तिमाही, छमाही और वार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को फाइलबद्ध किया जा रहा है। यह फाइलें हर माह आयोजित पालक सभा में अभिभावकों को दिखाई जाएंगी। इसके साथ ही, बच्चों को स्कॉलरशिप और नवोदय परीक्षा की तैयारी भी कराई जा रही है।



## खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी शुरू

दिसंबर माह में होने वाली वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी भी तेजी से शुरू कर दी गई है। पिछले वर्ष सावनेर के बच्चों ने जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया था। विधानसभा चुनावों के बाद, उप सभापति राहुल तिवारी ने वलनी, दहेगांव, चनकापुर, पिपला, भंसाली टाकली और अन्य स्कूलों का दौरा कर ओलंपियाड परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। उप सभापति ने बच्चों की शैक्षणिक उन्नति के लिए स्कूलों में यह कदम उठाया है, जिससे सावनेर तहसील शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित कर सके।

# सकल हिंदू समाज ने की शहर में बढ़ते अतिक्रमण हटाने की मांग

**कामठी.**




सकल हिन्दू समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने बंटी पिल्ले के नेतृत्व में जिलाधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस उपायुक्त, कामठी नगर परिषद मुख्याधिकारी संदीप बोरकर सहित नया थाना प्रभारी प्रमोद पोरे, जूना कामठी थाना प्रभारी प्रशांत जुमड़े, यातायात पुलिस निरीक्षक नितीन पतंगे को ज्ञापन सौंपकर कर शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण हटाने की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नागपुर रोड, कलमना रोड सहित शहर के मुख्य मार्गो पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से नागरिकों में रोष व्याप्त है. साथ ही अतिक्रम के कारण शहर की खूबसूरती भी गायब होकर सड़कें भी सिकुड़ती जा रही है. हालत इतने खराब हो चुके कि इन अतिक्रमणकारियों के कारण वाहनों को सड़क किनारे खड़े करने की जगह ही नहीं मिल पाती है. पैदल चलने वालों को भी आगे बढ़ने के लिए बीच सड़क का सहारा लेना पड़ता है. ऐसी स्थिति में लोग जब पैदल सड़क से निकलते हैं, तो उन्हें असुरक्षित महसूस होता है. जबकि शुक्रवार बाज़ार के दिन गोयल टॉकीज रोड से निकलने में काफ़ी मशक्कत करनी पड़ती है. सड़कों के बीच दुकानदारों द्वारा सड़क पर अपना सामान रख देने से यहां छोटे वाहनों के साथ चार पहिया वाहनों का भी निकलना मुश्किल हो जाता है. कई लोगों द्वारा अपने चार पहिया वाहनों को भी सड़क किनारे खड़े कर दिया जाता है, जिससे हर दिन इस तरह की समस्याओं से लोग जूझ रहे है.

अतिक्रमण हटाने मांगकर्ताओं में बंटी पिल्ले, रामसिंग यादव, संजय कवड़े, बल्लू भैयाजी यादव, दिनेश स्वामी, सोनू तिजारे, चंदन वर्मन, अर्थव पिंगले, अमन पांचोली, पवन शिंदे, यश जलवानी, अजय शर्मा, गजानन मेंढे, विशाल बांवड़ा, पंकज ऊके, समीर बाग़मारे, अजय कोल्हे, सुशील उपाध्याय, रितेश पाल आदि द्वारा मांग की गई है कि प्रशासन व पुलिस द्वारा ठोस पहल कर व्यवस्था बनाने की तरफ ध्यान देकर पुलिस एवं नगर परिषद की टीम बनाकर शीघ्र ही अतिक्रमणों को हटाया जाना चाहिए. ताकि लोगों को आवागमन में असुविधा का निराकरण हो सके.

# रोशनी में जगमगाई रामटेक की अंबाला झील और पौराणिक धरोहरें

**रामटेक.**



रामटेक, अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध, अब विकास के नए आयाम छू रहा है। शहर में विरासत स्थलों को पुनर्जीवित करने और उनके सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने इसके लिए करोड़ों रुपये की धनराशि स्वीकृत की है।

शहर की पहचान बन चुकी अंबाला झील और इसके पास स्थित मंदिरों को अब बिजली की चमक से जगमगाया गया है। रात में झील और उसके आसपास का क्षेत्र नयनरम्य दृश्य प्रस्तुत करता है। अंबाला झील, जिसे भगवान श्रीराम के पदचिह्नों से पवित्र माना जाता है, धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु अस्थि विसर्जन और दशक्रिया के लिए आते हैं। झील की मरम्मत और क्षेत्र का सौंदर्यीकरण करके इसे नया जीवन दिया गया है।

**पौराणिक धरोहरों का संरक्षण :** अंबाला झील के चारों ओर कई पौराणिक स्मारक और मंदिर स्थित हैं। इनमें अंबाला दरवाजा, सूर्य मंदिर, चंद्रमौली मंदिर, हरिहर मंदिर, पंच शिखरी मंदिर, महादेव मंदिर, दत्त मंदिर, दगड़ी महल, जगन्नाथ मंदिर, रेणुका माता मंदिर और भूतलेश्वर मंदिर शामिल हैं। इन स्मारकों और मंदिरों का निर्माण 14वीं से 18वीं शताब्दी के दौरान गोंड राजा और भोसले राजाओं के शासनकाल में हुआ।

**विद्युत रोशनी और सौंदर्यीकरण :** करीब 1 लाख 33 हजार 500 वर्ग मीटर में फैली अंबाला झील और इसके आसपास की विरासतों को रोशन करने के लिए करोड़ों रुपये की मंजूरी दी गई है। स्थानीय विधायक आशीष जायसवाल के विशेष प्रयासों से इन कार्यों को गति मिली है। गढ़मंदिर और राम मंदिर समेत अन्य मंदिरों को भी आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया है।

**पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा :** झील और मंदिरों के सौंदर्यीकरण के बाद यह क्षेत्र अब पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन गया है। रात के समय झील और मंदिरों की रोशनी में जगमगाहट इसे और भी खास बनाती है। रामटेक का यह विकास नागपुर जिले के पर्यटन को नई ऊंचाई देने में सहायक होगा।

# पटवारी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार




**सावनेर.** सावनेर तहसील कार्यालय के अंतर्गत बड़ेगांव सर्कल के खुबला में तैनात एक पटवारी को 7,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई 29 नवंबर को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (एसीबी) ने की।34 वर्षीय पटवारी देवीदास पांडुरंग अंभोरे ने एक किसान से उसकी फसल के नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए 14,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। बातचीत के बाद यह सौदा 7,000 रुपये में तय हुआ। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत भ्रष्टाचार विभाग से की, जिसके बाद जाल बिछाकर पटवारी को गिरफ्तार कर लिया गया। पटवारी के खिलाफ सावनेर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

इस कार्रवाई को नागपुर परिक्षेत्र के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधीक्षक के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय पुरंदरे के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक रोशन यादव, पुलिस निरीक्षक आशीष चौधरी, वर्षा मते, मपोहवा सरिता राऊत, पोहवा अनिल बहिरे, अमोल मेंघर, सचिन चन्ने, और विजय सोलंकी ने अहम भूमिका निभाई।

**नागरिकों से अपील:** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने नागपुर जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, या उनके माध्यम से कोई दलाल रिश्वत की मांग करता है, तो तुरंत एसीबी से संपर्क करें।

# रणाला ग्रापं सचिवालय भवन निर्माण का सरपंच साबरे ने किया भूमिपूजन

**कामठी.**



यहां रणाला ग्राम सचिवालय का भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे के शुभ हाथों से विधिवत सम्पन्न हुआ. चूंकि रणाला गांव कामठी शहर के पास है, इसलिए रणाला गांव का विस्तार दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है.

पिछले कई वर्षों से गाँव का प्रशासन एक छोटे से ग्राम पंचायत भवन में चल रहा था. लेकिन हाल ही में सरपंच पंकज साबरे के प्रयत्नों से हुए विस्तार के कारण जहां गांव का समग्र विकास हो रहा है, वहीं ग्रामीणों का मानना है कि ग्राम पंचायत भवन, जो कि गांवों की मुख्य संस्था है, अच्छी तरह से सुसज्जित और सभी सुविधाओं से सुसज्जित होना चाहिए.

रणाला ग्राम पंचायत के सरपंच पंकज साबरे, उप-सरपंच अंकिता कोविद तलेकर और ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों ने पिछले साल से लगातार फॉलोअप किया है और जल्द से जल्द ग्राम सचिवालय स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं.

जिसपर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक चंद्रशेखर बावनकुले एवं निवर्तमान विधायक टेकचंद सावरकर द्वारा रणाला ग्राम पंचायत को ग्राम पंचायत सचिवालय निर्माण हेतु शासन निधि उपलब्ध करवाए जाने पर सरपंच पंकज साबरे सहित सभी पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया है.

उद्घाटन कार्यक्रम दौरान उपसरपंच सौ. अंकिता कोविद तलेकर, ग्राम पंचायत के सदस्य व पूर्व सरपंच अरविंद डोंगरे, सदस्य प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, सदस्या इंदू पाटील, सदस्या सुनीता चंद्रशेखर नंदेश्वर, सदस्य स्वप्नील फुकटे, सदस्य मयूर गणेर, सदस्या अर्चना लोढ़बा ठाकरे, सदस्य आमिर खान सहित मधुकर गिरी, बाबाराव ठाकरे, अतुल ठाकरे, शेषराव अढाऊ, अजय ठाकूर, सतीश नवले, विशाल गिरी, रामसिंह चौहान, राकेश नवले, पूर्व सदस्य नरेश उर्फ बिट्टू चकोले, पूर्व सदस्य मुकेश दुर्गे, अंकित रावत, राजकिरण बर्वे, प्रकाश गिरी, गणेश गिरी. हिमांशु वंजारी, सुभाष मुरके व ग्राम पंचायत कर्मचारियों में सौ.सपना गावंडे, केशव वैद्य, नरेश टोहाने, अर्जुन उकुंडे, अर्चना वंजारी, राजकुमार बोरकर आदि उपस्थित रहे.

ज्ञात हो कि इस नवनिर्माण सचिवालय में सरपंच, उपसरपंच के लिए अलग कमरा, बैठक कक्ष, ग्राम पंचायत अधिकारी कक्ष, प्रशासनिक कार्य के लिए अलग कमरा, तलाठी कार्यालय, डाकघर, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, एटीएम सुविधा, प्रशासनिक दस्तावेज रखने के लिए अलग व्यवस्था, अतिथि कक्ष रहेगा. साथ ही, नियोजित निर्माण शुरू होने के बाद, सरपंच, उप-सरपंच और सभी सदस्य धन के संदर्भ में अतिरिक्त प्रावधान करके इस कार्य को करने का इरादा रखते हैं. गांव में सभी सुविधाओं से युक्त नया ग्राम सचिवालय स्थापित होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है. ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच पंकज साबरे सहित सभी अधिकारियों की सराहना की जा रही है.

# हम अपना भविष्य स्वयं बना सकते हैं

**यदि इच्छा को प्रयास के साथ जोड़ दिया जाए तो इच्छा पूरी हो जाती है**

सितार वादक - विदुर महाराज



**कोंढाली.**

सितार - (वीणा) की डोर का संगीत मानसिक तनाव को कम करने का एक साधन है। यह जानकारी प्रसिद्ध सितार वादक - विदुर महाराज द्वारा नागपुर जिले के लाखोटिया भुटाडा हाई स्कूल , कनिष्ठ महाविद्यालय तथा सी बी एस ई हायस्कूल के छात्र छात्राओं को सीतार के हृदयस्पर्शी धुनों के साथ छात्रों को सीतार तथा सितार संगीत का महत्व समझाकर बताया . साथ ही बताया की सितार तथा सितार संगीत का महत्व समझाने के लिये संपूर्ण राज्य भर वे (सितार वादक -विदुर महाराज) प्रसार में जुटे हैं. नागपूर जिला यह सत्राहवा जिला है. सीतार का महत्व सामाजिक और संगीत संस्थानों के माध्यम से पूरे राज्य और देश में सितारा (वीणा वादन) को बढ़ावा देना और फैलाना है . यहाँ के हाई स्कूल के छात्रों ने सितार वादन - से मिलने वाली मानसिक संतुष्टि, दैनिक तनाव में कमी और सितार बजने वाले संगीत का वास्तविक अनुभव किया है। वीणा वादन से प्राप्त भाव के तथा उस भाव का भावार्थ की जानकारी साथ ही संगीत की इच्छा, शक्ति, क्षमता और जिज्ञासा के संदर्भ में बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया। इसी तरह, सितार और संगीत ने भी अलग-अलग पहलू समझने के लिये सितार वादनकर विविध जानकारी दी। सितार जगत प्रसिद्ध कैसे हुआ? विद्यार्थियों को देशी संगीत और पाश्चात्य संगीत का ज्ञान समझाया। शिक्षा में गीत-संगीत का महत्व, रोगों एवं उनके अर्थों को प्रदर्शन गायन के माध्यम से समझाया गया। साथ ही बताया की हम अपने जीवन को खुशहाल कैसे रख सकते हैं. हम आपने जीवन में सदैव सही मार्ग पर कैसे चलते जाएं. इसके बारे में जागरूकता एवं जागरूकता के लिए शैक्षणिक संस्थानों द्वारा छात्रों को संगीत शिक्षण को भी बढ़ावा देने की जानकारी सितार वादक -विदुर महाराज ने दी.प्राचार्य सुधीर बुटे, के अध्यक्षता तथा जूनियर कॉलेज के उप प्राचार्य कैलास थुल, सीबीएसई हाई स्कूल के उप प्राचार्य चौधरी की प्रमुख उपस्थिती में संगीत का शैक्षिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया। पर्यवेक्षक मनोज ढाले हरीश राठी परीक्षा प्राचार्य प्रिया धारपुरे, सुनील सोलव की उपस्थिति में, प्रसिद्ध सितार वादक-विदुर महाराज और उनके सहयोगियों ने हजारों हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज और सीबीएसई हाई स्कूल के छात्रों को सीतार तथा सितार संगीत की जानकारी दी। सितार वादन के माध्यम से विद्यार्थियों को संगीत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर हजारों विद्यार्थियों ने सितार वादन की उत्कृष्ट संगत दी। सितारवादक-विदुर महाराज एवं उनके सहयोगियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के संचालन पर्यवेक्षक हरीश राठी और आभार प्रोफेसर वदाफले ने दिया।

# संविधान सप्ताह का समापन भव्य रैली के साथ

**सावनेर.**




सम्यक सार्वजनिक वाचनालय, पंचशील बुद्ध विहार सावनेर द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित संविधान सप्ताह का समापन 30 नवंबर को भव्य रैली के साथ किया गया। यह रैली शहर के संविधान चौक, शिवाजी पुतला, होली चौक, बाजार चौक, गडकरी चौक और गांधी पुतला जैसे प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पर स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचकर समाप्त हुई।

इस दौरान भंते शिलरक्षित महास्थवीर जी की उपस्थिति में भगवान गौतम बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा की पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया और संविधान के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम के अंत में मिठाई का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

सम्यक सार्वजनिक वाचनालय के अध्यक्ष राजेंद्र उर्फ बालू नारनवरे, उपाध्यक्ष अडवोकेट शामराव गोंडुले, सचिव सुधाकर गजभिये, राजेंद्र चवड़े, विजय कांबळे, अशोक पाटील, सौ. चित्ररेखा गेडाम, माणिक रामटेके, अनिल सोमकुवर, प्रकाश राऊत, संजय मेंढे, शरद नारनवरे, आनंद गजभिये, सुभाष पाटील समेत अन्य पदाधिकारी, वाचनालय के छात्र-छात्राएं, और पंचशील नगर के सभी महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सम्यक सार्वजनिक वाचनालय के अध्यक्ष राजेंद्र नारनवरे ने अपने संबोधन में कहा कि 26 नवंबर 1949 को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा रचित संविधान को देश को समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए। बाबासाहेब ने संविधान निर्माण के दौरान जाति, धर्म, पंथ और समुदाय की समानता को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया। यह संविधान आज भी विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को संचालित कर रहा है। नारनवरे ने संविधान निर्माण के 75 वर्षों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कुछ राजनैतिक दल इसे बदलने की बात कर रहे हैं। ऐसे लोगों से हमें अपने पवित्र संविधान की हर कीमत पर रक्षा करनी होगी। उन्होंने डॉ. आंबेडकर और भगवान गौतम बुद्ध के विचारों पर चलते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाने और संविधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# एक रात में तीन जगह चोरी, चोरों ने डेढ़ लाख का माल उड़ाया

**सावनेर.**



चोरों ने शहर में एक ही रात में तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन घटनाओं में कुल ₹1,43,000 का माल चुराया गया। चोरी की इन घटनाओं ने न केवल शहरवासियों की नींद उड़ा दी है, बल्कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

पहली घटना में थाने के सामने स्थित ज्ञानेश्वर कावड़े के पान ठेले से चोर ₹2,000 नकद और ₹1,500 के सिगरेट पैकेट्स सहित कुल ₹ 3,500 का माल ले उड़े। दूसरी घटना में वाघोडा स्थित रेमंड कॉलोनी में लक्ष्मण मिश्रा के घर का ताला तोड़ने का प्रयास किया गया। वहीं, तीसरी और सबसे बड़ी घटना बस स्टैंड के पीछे अनिल चौरे के घर में हुई, जहां से चोर ₹40,000 नकद और ₹ 1,00,000 के आभूषण चुराकर फरार हो गए।

इन वारदातों के बाद जब पीड़ित अनिल चौरे ने अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने का रुख किया, तो पुलिस अधिकारियों ने उन्हें शिकायत से पहले क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज लाने का निर्देश दिया। यह बात शहरवासियों के लिए चौंकाने वाली है। सवाल यह उठता है कि यदि शिकायतकर्ता को ही सबूत जुटाने का काम करना है, तो पुलिस का क्या काम? सावनेर पुलिस की इस कार्यशैली से नागरिकों में आक्रोश है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सावनेर पुलिस थाने में कई अपराध दर्ज ही नहीं किए जाते और आपसी समझौते के जरिए मामलों को निपटाने की कोशिश की जाती है। ऐसा करके अपराध का ग्राफ कम दिखाने की रणनीति अपनाई जाती है।

## पुलिस सुस्त, चोर मस्त

### नागरिकों को उम्मीद

नागपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार और सावनेर के उपविभागीय पुलिस अधिकारी अनिल म्हस्के से शहरवासी उम्मीद कर रहे हैं कि वे बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाकर नागरिकों को राहत प्रदान करेंगे। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन इस दिशा में क्या ठोस कदम उठाता है।

# 40 लोगों को लगाया 55 लाख का चूना

**नागपुर.**




फाइनेंस पर मोबाइल फोन व लोन निकालकर देने का झांसा देकर महिला सहित तीन आरोपियों ने करीब चालीस लोगों को लाखों रुपए से चूना लगाया है। घटित वाकया उजागर होने से धंतोली थाने में मोबाइल विक्रेता सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फरार आरोपियों को सरगर्मी से ढूंढा जा रहा है।

दाभा चिंतामणी नगर निवासी किरण सतीश पाटील (33) और अन्य 39 लोग पीड़ित हैं,जबकि आरोपी मोबाइल विक्रेता कृष्णा गुप्ता,रवीना कृष्णा जोतवानी और अमित जैन नामक व्यक्ति सभी नागपुर निवासी हैं। घटित प्रकरण से गत वर्ष पीड़िता का मोबाइल खरीदी करने के लिए झांसी रानी चौक स्थित मेहता चेंबर्स में अपनी सहेली के साथ गई हुई थी। उस दौरान उसकी आरोपियों से जान पहचान हो गई। मोबाइल महंगा होने से आरोपियों ने उसे फाइनेंस पर मोबाइल खरीदी करने की सलाह दी। उसके लिए उन्होंने खुद फायनेंस करा देने का आश्वासन दिया था। उसके लिए उससे आधार,पैन कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज लिए थे। इस तरह से अन्य लोगों से भी किसी से कोई वस्तु फाइनेंस कराने के नाम पर तो किसी को लाखों रुपए का लोन उठाने के नाम पर दस्तावेज प्राप्त किए। उनके नाम पर लाखों रुपए का लोन उठाया और पीड़ितों को बताया गया कि उनका लोन हुआ ही नहीं है। इससे लोगों के नाम पर उठाए गए लोन के करीब 55 लाख रुपए आरोपियों ने डकार लिए और पीड़ितों को उसकी भनक तक नहीं लगी।

जब लोन की किस्त नहीं भरी तो पीड़ितों को संबंधित बैंक एच.डी. एफ.सी.व फाइनेंस कंपनी से लोन वसूली के लिए नोटीस आने लगे तब उन्हें आरोपियों द्वारा उनके नाम पर लोन उठाने का पता चला। धोखाधड़ी का यह वाकया 21 अप्रैल 2023 से 29 नवंबर 2024 के बीच में घटित हुआ है। इससे पीड़िता का आरोपियों से कई बार वाद-विवाद हो गया। इस कारण पीड़ितों ने थानों के चक्कर काटना शुरू किया था। घटित प्रकरणों की शिकायत की गई। जांच पड़ताल का हवाला देकर मामले को ठंडे बस्त में डाल दिया गया । इस बीच आला पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रकरण में हस्तक्षेप करने से मामला दर्ज किया गया। उसकी भनक लगते ही आरोपी भूमिगत हो गए। पता चला है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वे गिरफ्तारी पूर्व जमानत प्राप्त करने के चक्कर में है। जांच जारी है।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### हरि मोरे



**हिंगनघाट.** गाडगे बाबा वार्ड में रहने वाले हरि मोरे ईनका उम्र के 90 साल में निधन हो गया. वह आपने भरपूर परिवार छोड़ गए. उनकी अंतिम विधी हिंगनघाट मोक्षधाम में समाज बांधव मित्र मंडल के उपस्थिति में किया गया.

# 324 तालाबों को मरम्मत का है इंतजार

गोंदिया.



जिले को तालाबों का जिला कहा जाता है. यहां प्रत्येक गांव में तालाब है. पूर्व मालगुजारी तालाबों के कारण कृषि समृद्ध हुई. हालांकि, पिछले कई वर्षों से तालाबों की मरम्मत, गाद हटाने आदि का काम नहीं हुआ है. परिणामस्वरूप सिंचाई क्षमता कम हो गई है. जिले के 324 तालाब मरम्मत की बाट जोह रहे हैं, जिसके लिए 57 करोड़ रु. की निधि की जरूरत है. डेढ़-दो सौ वर्ष पूर्व उस समय के मालगुजारों ने सिंचाई के लिए जिले में बड़ी संख्या में तालाब का निर्माण कराया था. जिले में मुख्यतः धान की खेती की जाती है. जिसके लिए फसल को बहुत अधिक पानी की आवश्यकता होती है. इसलिए बारिश के पानी को तालाबों में जमा किया जाता था और उस पानी से सिंचाई की जाती थी. पानी को ढोने की बजाय जमीन में जमा कर दिया जाता है. जिससे जलस्तर भी बना रहता है. लेकिन सरकार द्वारा उन तालाबों की उपेक्षा की गई. कई तालाबों की गाद को निकाला नहीं गया. जिससे तालाब समतल हो जाते है और इसमें पानी जमा नहीं रहता. वर्तमान में जिले में 9 मध्यम प्रकल्प, 22 लघु प्रकल्प, 1,421 पूर्व मालगुजारी तालाब,

192 लघु सिंचाई तालाब, 26 पाझन तालाब, 294 कोल्हापुरी बांध, 1,559 भंडारण बांध और 41 सीमेंट नाले हैं. बड़े पैमाने पर तालाब होने के कारण इस जिल् को तालाबों का जिला कहा जाता है.

## इच्छाशक्ति का अभाव

इन तालाबों की मरम्मत और गाद निकालने के लिए सरकार की इच्छाशक्ति की आवश्यकता है. उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग से किसानों द्वारा बार-बार निधि की मांग की जाती है. लेकिन अनदेखी के कारण तालाबों की हालत खराब होती जा रही है. समय पर निधि मिलने पर आगामी मानसून में तालाबों में पानी संग्रहित कर सिंचाई क्षमता बढ़ाने की संभावना है. जिले में लघु सिंचाई तालाबों के माध्यम से 10 हजार 857, पाझर तालाबों के माध्यम से 231, मामा तालाबों के माध्यम से 28 हजार 731, कोल्हापुरी बांधों के माध्यम से 10 हजार 75 और भंडारण बांधों के माध्यम से 14 हजार 817 हेक्टेयर भूमि सिंचाई योग्य है.

# सिंचाई विभाग से परिसर के किसानों ने की मांग

# दुर्घटना में 2 युवक घायल

गोंदिया. गोंदिया से गोरेगांव की ओर मोटरसाइकिल से जा रहे 2 युवक बस को कट मार रहे थे. इसी बीच उनका वाहन से संतुलन बिगड़ने से उन्होंने डिवाइडर को टक्कर मार दी. दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना गोरेगांव मार्ग के हिरडा माली के पास हुई. पुलिस सूत्रों के अनुसार गोंदिया शहर के सिविल लाइन निवासी सौरभ गोपाल चव्हाण (25) और प्रतीक भागवत देवगड़े (22) दोनों 28 नवंबर को सुबह 11.30 बजे के आसपास मोटरसाइकिल पर तेज गति से गोरेगांव की ओर जा रहे थे. उनकी बाइक के आगे एक एसटी बस जा रही थी. उस एसटी को ओवरटेक करते समय मोटरसाइकिल ने एसटी को साइड से टक्कर मार दी. बाइक इतनी तेज रफ्तार में थी कि टक्कर के बाद बाइक आगे बढ़ने की बजाय पीछे की ओर मुड़ गई. इसके बाद यह बाइक डिवाइडर को टकरा गई. इसमें दोनों बाइक सवार युवक बाइक से नीचे गिर गए. दोनों को तुरंत शासकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया. मेडिकल कॉलेज आने के बाद उन्हें नागपुर भेजने को कहा गया.

# डॉ. पर्बत बने ज्येष्ठ नागरिक प्रतिष्ठान के तहसील संयोजक

हिंगनघाट.



ज्येष्ठ नागरिक प्रतिष्ठान, महाराष्ट्र के प्रथम अधिवेशन का आयोजन 29 नवंबर को नागपुर के दत्ता मेघे एमबीए कॉलेज सभागृह में किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं कार्यकारी अध्यक्ष दत्ता मेघे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि ज्येष्ठ नागरिक प्रतिष्ठान केवल नागपुर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे महाराष्ट्र के वरिष्ठ नागरिकों के उत्थान के लिए कार्य करेगा। इस दौरान विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई। हिंगनघाट के पूर्व पंचायत समिति सदस्य और संत भोजाजी महाराज देवस्थान के अध्यक्ष डॉ. विजय पर्बत को हिंगनघाट तहसील संयोजक नियुक्त किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष दत्ता मेघे के हाथों उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठान के विश्वस्त और पूर्व विधायक अशोक मानकर, सचिव डॉ. राजू मिश्रा और चितेश पोपट उपस्थित रहे। डॉ. विजय पर्बत ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि उन्हें ज्येष्ठ नागरिकों की सेवा का अवसर मिला। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कार्यकारी अध्यक्ष दत्ता मेघे का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। डॉ. पर्बत ने बताया कि वे तहसील के सभी छोटे-बड़े गांवों के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिष्ठान से जोड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से जनसेवा को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति का श्रेय नितिन गडकरी, दत्ता मेघे, डॉ. राजू मिश्रा और डॉ. चंद्रमोहन गुप्ता को दिया। डॉ. पर्बत की इस नियुक्ति पर आजनसरा के उद्यमी रामाजी आष्टनकर, पूर्व सरपंच रमेश वरघणे, श्रावण काचोले, पूर्व तंटामुक्ती अध्यक्ष मनोहर चांभारे और प्रभाकर सुपारे गुरुजी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# उपजिला अस्पताल में जरूरतमंदों के लिए कंबल का वितरण

आर्वी.



महाराष्ट्र सरकार के चैरिटी कमिश्नर के साथ पंजीकृत-संचालित ग्रामीण विकास बहुउद्देशीय शैक्षणिक संस्था द्वारा संचालित अश्विनी अहिव आरोग्य सेवा समिति (महाराष्ट्र) की स्थापना 25 नवंबर को हुई थी। स्व. अश्विनी अहिव आरोग्य सेवा समिति (महाराष्ट्र) की ओर से मरीजों एवं जरूरतमंदों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

25 नवंबर की मध्यरात्रि को समिति की ओर से बस स्टॉप क्षेत्र, अस्पताल क्षेत्र, गांधी विद्यालय क्षेत्र में निराश्रित एवं जरूरतमंद लोगों को कड़कड़ाती ठंड में आराम दिलाने के लिए कंबल वितरित किये गये.

दि.29 नवंबर को उप जिला अस्पताल आर्वी में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पुष्पक खवशी की उपस्थिति में समिती की ओर से कंबल भेंट किये गये. इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र सरकार के समाजभुषण राजेश अहिव, चिकित्सा अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर ढगे, दैनिक न्यू ब्रिजटाउन टुडे के प्रधान संपादक हर्षल काले, देवली दर्शन समाचार पत्र के प्रधान संपादक चंद्रकांत पवार, नर्स जया फुंदे, औषधि निर्माण अधिकारी दुर्गा श्रीराम, राष्ट्रीय लहु शक्ती के वरिष्ठ अधिकारी भीमराव हिवराले, सामाजिक कार्यकर्ता सुधाकर वाघमारे और स्व.अश्विनीताई अहिव आरोग्य सेवा समिति के प्रमुख अक्षय राजेश अहिव उपस्थित थे.

# सैनिक ने जीवन-रक्षक सर्जरी से पाई नई जिंदगी

> सैनिक के साहस और चिकित्सकों की मेहनत से जीवन की जंग में मिली जीत

गोंदिया.

भारतीय सैनिक ने नक्सलियों के घातक हमले में गंभीर चोट झेलने के बावजूद अदम्य साहस दिखाया और जीवन की जंग जीत ली. यह संभव हो सका पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गोंदिया के यूनाइटेड अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की सर्जिकल देखभाल के कारण. सुरक्षा कारणों से सैनिक का नाम गोपनीय रखा गया है. उन पर अचानक हमला हुआ, जिसमें उनके सिर में गोली लग गई. गोली लगने से गंभीर रक्तस्राव हुआ और गोली के टुकड़े खोपड़ी के आधार के पास गहराई में फंस गए थे. अत्यधिक गंभीर स्थिति में भी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और आईपीएस अधिकारियों के नेतृत्व में टीम ने सैनिक को समय पर अस्पताल पहुंचाया. सैनिक को अस्पताल में बेहद गंभीर स्थिति में लाया गया. यूनाइटेड अस्पताल की न्यूरोसर्जरी टीम के डा. वैभव नासरे के नेतृत्व में तुरंत सक्रिय हुई. उन्होंने सैनिक को वेंटिलेटर पर रखकर स्थिति स्थिर की और उनके मस्तिष्क का सीटी स्कैन किया. सीटी स्कैन में गंभीर रक्तस्राव, घाव से बाहर निकला मस्तिष्क का ऊतक, और खोपड़ी के पास धातु और हड्डी के टुकड़े दिखाई दिए. गहराई में फंसे गोली के टुकड़ों को छेड़ने से अधिक जोखिम हो सकता था, इसलिए उन्हें सुरक्षित छोड़ने का निर्णय लिया गया. डा. नासरे और उनकी टीम ने आपातकालीन डिकंप्रेसिव क्रैनियोक्टमी और कंट्यूजनेक्टमी सर्जरी की. प्रक्रिया में हड्डी और धातु के टुकड़े सफलतापूर्वक हटाए गए और रक्तस्राव को नियंत्रित किया गया. जटिल प्रक्रिया के बावजूद सैनिक की जीवटता और साहस ने कमाल दिखाया. सर्जरी के बाद दूसरे ही दिन वे अर्द्ध चेतन अवस्था में आ गए और निर्देशों का पालन करने लगे, हालांकि दाहिनी ओर कमजोरी अभी बनी हुई है.

# सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाएं

गोंदिया.

## नवनिर्वाचित विधायकों ने की मांग



नवनिर्वाचित विधायक विनोद अग्रवाल, विजय रहांगडाले, राजकुमार बडोले और संजय पुराम किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं. यहां के किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए तो यहां के मजदूर रोजगार के लिए बाहर पलायन नहीं करेंगे. यह पलायन रुकेगा ऐसा दावा भी किया जा रहा है. गोंदिया जिले के सभी चार निर्वाचन क्षेत्रों में खरीफ मौसम के दौरान दो लाख हेक्टेयर में खेती की जाती है. लेकिन इस खेत में सिंचाई की सुविधा नहीं है. जो कृषि की जाती है वह प्रकृति पर निर्भर करती है.

कभी गीला तो कभी सूखे से निपटना पड़ता है. जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, उनका जीवन स्तर स्थिर हो रहा है, क्योंकि किसान अच्छी खेती कर रहे हैं. यदि ऐसा सिंचाई जल किसानों को उपलब्ध हो तो इन किसानों का जीवन स्तर ऊंचा उठने में देर नहीं लगेगी. उद्योग और सिंचाई की कोई सुविधा नहीं होने के कारण इस तहसील से हजारों मजदूरों को रोजगार के लिए नागपुर, मुंबई, हैदराबाद की ओर पलायन करना पड़ता है. यह पलायन हर साल होता है. खेती में सिंचाई को जोड़ दिया जाए तो खेती में ही बड़ी मात्रा में रोजगार मिलेगा और मजदूरों का पलायन भी निश्चित रूप से रोका जा सकता है.

# सप्तशती माता पर भक्तों की आस्था

> 121 वर्षों से श्रद्धालुओं की मनोकामना हो रही पूर्ण

तिरोड़ा.

स्थानीय गंज बाजार परिसर में वर्ष 1902 के पूर्व का सप्तशती माता का जागृत मंदिर है. जो 121 वर्षों से श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण कर रहा है. मंदिर के पूर्व में अरवाड़ी (व्यासपुजा) या शादियों में देवी पूजा के दिन बकरे की बलि दी जाती थी. मंदिर में मुरुम के पत्थरों की 7 बहनों की मूर्तियां थी. टिन के शेड की छप्पर थी. बली प्रथा को बंद करने के लिए सन 1966 में ट्रस्ट बनाकर रजिस्ट्रेशन किया गया. जिसमें आजीवन अध्यक्ष लच्छीराम पटेल, खटुमल लधानी, उपाध्यक्ष श्यामलाल शर्मा, सदस्य लक्ष्मीकांत शर्मा, पूर्व विधायक शालिग्राम दिक्षित, धनुष लाल असाटी, गुमानीराम कोठे, कन्हैयालाल खियानी, बाबूलाल अग्रवाल, मुरारीलाल अग्रवाल बनाए गए थे. सप्तशती माता मंदिर तहसील में एकमात्र मंदिर होने से श्रद्धालु भक्तों का माताओं के प्रति आकर्षण व श्रध्दा बढ़ रही है और उनके द्वारा ज्योति कलश रखे जाते है. वहीं कन्या या महिलाओं के द्वारा ही घट विसर्जन किया जाता है. माता मंदिर का घट सिर पर रखने के लिए होड़ लगी रहती है. कन्या या महिलाओं की तब घट पकड़ने वाली इच्छुकों की सूची बनाकर चिट्ठी डाली जाती है. चिट्ठी द्वारा जिनका नाम निकलता है उन्हें घट रखने का मौका मिलता है.

# 240 स्कूलों पर रहेगी सीसीटीवी की नजर

गोंदिया.

जिला परिषद की स्कूलों में छात्रों के साथ बढ़ती लैंगिक शोषण की घटनाओं के मद्देनजर जिला परिषद ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. जिले की सभी 240 स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया गया है. गलत कार्यों पर लगेगी रोक यह बात सामने आई है कि जिला परिषद स्कूलों में छात्रों के साथ लैंगिक शोषण होता है. साथ ही सरकारी छुट्टी की कालावधि तथा स्कूल की छुट्टी होने के बाद असामाजिक तत्वों द्वारा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है. असामाजिक द्वारा सरकारी इमारत का दुरुपयोग किया जाता है. इस बारे में जिला परिषद अध्यक्ष पंकज राहंगडाले को लोगों ने कई बार ज्ञापन सौंपे. इसका संज्ञान लेते हुए प्रतिबंधक उपाय के रूप में जिले की सभी 240 जिला परिषद स्कूलों में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया है. आधुनिक तकनीकी का उपयोग कर स्कूल परिसर में शैक्षणिक उपक्रमों को गति जिल्हा परिषद गोदिया देने के लिए उपाय योजनाओं पर अमल किया जाएगा. जिले में शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए शिक्षकों पर अप्रत्यक्ष रूप में नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाना जरूरी है. इसके लिए जिले में किशोरवयीन लड़कियों की सुरक्षा के संदर्भ में प्रतिबंधक उपाययोजना के रूप में जिले की आठों तहसीलों की 240 जिला परिषद स्कूलों में सी.सी.टी.वी. कैमरे जल्द से जल्द लगाने के निर्देश जिला परिषद अध्यक्ष पंकज रहांगडाले ने संबंधित जिला परिषद प्रशासन को दिए हैं.

# प्रशिक्षण के बाद मिलेंगे लाभार्थियों को 15,000

22 तरह के कारीगरों को मिलेगा लोन

**गोंदिया.** आज भी गांव का शासन पारंपरिक व्यवसाय पर निर्भर है. आधुनिकीकरण में यह पेशा उपेक्षित हो गया है. इसलिए केंद्र सरकार ने इस पारंपरिक व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुरू की है. इस योजना के तहत व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है. इसके साथ ही व्यवसाय शुरू करने के लिए तीन लाख तक का लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा. पहले गांव में 18 बलुतेदार होते थे जो ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों की जरूरतों को पूरा करते थे और गांव की अर्थव्यवस्था को चलाते थे. उन्हें शहर आने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि उन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा था. लेकिन समय बीतने के साथ कई व्यवसाय बंद हो गए. आधुनिकीकरण के दौर में यह व्यवसाय नहीं टिक सका, इसलिए इसकी आजीविका की समस्या उत्पन्न हो गई. जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी चरमरा गई. इसलिए एक बार फिर इन व्यवसायों को नई गति देने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कर्ज योजना शुरू की. यह योजना देशभर में लागू होनी शुरू हो गई है. इस पेशे के लिए पहले प्रशिक्षण दिया जाता है. इस प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद उन्हें 15 हजार रु. का भुगतान किया जाता है. इतना ही नहीं रोजगार सृजन के लिए 3 लाख तक का लोन भी मिलता है. अब तक जिले के कई कारीगरों को इसका लाभ मिल चुका है.

# कर्मचारियों की मनमानी से काम प्रभावित

तिरोड़ा.

> आम नागरिकों को हो रही भारी परेशानी

विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ. चुनाव के काम में गंभीरता से काम करने वाले नगर परिषद कर्मचारी अब आलसी हो गए हैं. मुख्याधिकारी अवकाश पर होने से कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं. कार्यालयीन समय सुबह 9.45 बजे होने के बावजूद एक से डेढ़ घंटे की देरी से कर्मचारी कार्यालय में आ रहे हैं. जिसकी वजह से विविध कामों के सिलसिले में आने वाले नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. नागरिक पानी का बकाया बिल भरने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर कर्मचारी नहीं मिल पा रहे हैं. ऐसे में बिना बिलों का भुगतान किए ही लोग वापस लौट रहे हैं. उल्लेखनीय है कि कार्यालय के समय के अनुसार नगर परिषद के कर्मचारियों को सुबह 9.45 बजे उपस्थित रहना आवश्यक है. लेकिन अनेक कर्मचारी सुबह 10.30 बजे तक नहीं पहुंचते. साथ ही घंटों तक कर्मचारियों का इंतजार करना पड़ता है. शासकीय नियमानुसार कार्यालयीन समय का कड़ाई से पालन करना अपेक्षित है. लेकिन इन नियमों की ओर अनदेखी की जा रही है. जिससे दैनंदिन काम भी प्रभावित हो रहा है. एक और नागरिकों को अपने काम के लिए समय बचाना पड़ता है तो दूसरी ओर कर्मचारियों की मनमानी से काम प्रभावित हो रहा है. अगर बिल समय पर नहीं भरा गया तो जुर्माना वसूला जाता है, लेकिन समय पर जो सेवा नहीं देते, उनसे जुर्माना क्यों नहीं वसूल किया जाता ? ऐसा सवाल किया जा रहा है.

# काशी घाट पुल पर रेलिंग नहीं, दुर्घटना का खतरा

गोंदिया.

तिरोड़ा तहसील के चुरडी से चिखली मार्ग पर काशी घाट पुल पर रेलिंग नहीं होने से नागरिकों को अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है. इस पुल पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों के साथ पैदल यात्री, साइकिल चालक और स्कूली बच्चों को काफी खतरा रहता है. पिछले साल बाढ़ के दौरान इस पुल से गाड़ियां बह गई थी. इसके बाद भी प्रशासन ने रेलिंग के निर्माण के लिए कोई कदम नहीं उठाया है. हो चुके हैं अनेक हादसे काशी घाट का क्षेत्र धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है. यहां दूर-दूर से लोग अस्थियां विसर्जन के लिए आते हैं. काशीघाट से सटा हुआ एक बड़ा नाला है, जिसमें साल भर पानी बहता रहता है. यह नाला गराडा, लोधी टोला, धादरी, सालेबर्डी गांवों से होकर बहता है और वैनगंगा नदी में मिलता है. इस स्थान से यात्रा करने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है. काशी घाट पुल की ऊंचाई लगभग 20 से 25 फीट तक है और दोनों तरफ कोई रेलिंग नहीं होने के कारण दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है. रात के समय इस पुल पर लाइट न होने के कारण कई साइकिल व मोटर चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं. स्कूली बच्चे और स्थानीय निवासी नियमित रूप से इस मार्ग से यात्रा करते हैं. लेकिन रेलिंग की कमी के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में लगातार चिंता बनी रहती है. पुल पर लाइट व रेलिंग की जरूरत काशी घाट पुल पर पूरी रात अंधेरा रहता है. जिससे परिवहन करना खतरनाक हो जाता है. इस पुल पर यात्रा करते समय बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष ध्यान रखना पड़ता है. नागरिकों व यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुल पर तत्काल लाइट व रेलिंग लगाने की मांग की गई है.

# बिना अनुमति पेड़ काटने पर 50,000 रु. जुर्माना

नियमों का पालन करना जरूरी

गोंदिया.

प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण करना आवश्यक है. लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कई नागरिक अपनी सुविधा के लिए पेड़ों को काट रहे हैं. अतः पर्यावरण की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है. राज्य सरकार ने नियम बनाया है कि पेड़ न काटे जाएं, कोई पेड़ काटने की हिम्मत न कर सके. इसके मुताबिक, बिना इजाजत पेड़ काटने पर 50 हजार रु. का जुर्माना लगाया जाता है, लेकिन गोंदिया में किसी पर जुर्माना नहीं लगाया गया. पिछले साल नगर परिषद के पर्यावरण विभाग ने पेड़ काटने वालों को नोटिस भेजा था. इस बीच विभिन्न प्रचार माध्यमों से भी पेड़ों को न काटने के संबंध में जनजागृति की जा रही है. वृक्ष संरक्षण के लिए जन जागरूकता धीरे-धीरे बढ़ रही है और गोंदिया को हरा-भरा बनाने के लिए कई सामाजिक संगठन भी आगे आए हैं.

पहले सिर्फ 1,000 रु. था जुर्माना पहले बिना इजाजत पेड़ काटने पर 1,000 रु. का जुर्माना लगता था. अब जुर्माने की रकम बढ़ गई है, लेकिन किसी पर जुर्माना नहीं लगाया गया है. वर्ष के दौरान कोई कार्रवाई नहीं बताया गया है कि नगर परिषद ने इस वर्ष पेड़ काटने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की है. लेकिन, कुछ कं को नोटिस भेजा है. अधिकांश समय निजी नागरिक अपनी सुविधा के लिए पेड़ों को काटते हैं. लेकिन, कई बार सरकारी काम के लिए पेड़ों को काटा जाता है.

# आदिवासी परिवारों को मिलेगा वन पट्टे का लाभ

गोंदिया.

> विशेष अभियान हुआ शुरू

एकात्मिक फलोत्पादन विकास अभियान योजना के अंतर्गत एससी, एसटी वर्ग के किसानों को लाभ देने के लिए विशेष अभियान, वन पट्टाधारक आदिवासी परिवारों को उपरोक्त योजनाओं का लाभ देने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक विशेष पखवाड़ा अभियान शुरू किया गया है. इस अभियान में कृषि विभाग की विविध योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एससी, एसटी लाभार्थियों को महाडीबीटी पोर्टल पर शासन के संकेत स्थल पर आवेदन करना होगा.

जिले में फलोत्पादन व सब्जियों के क्षेत्र व उत्पादन में वृद्धि करने के लिए एकात्मिक फलोत्पादन विकास अभियान तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना क्रियान्वित की जा रही है. फलोत्पादन फसलों का संशोधन, तकनीकी ज्ञान, प्रसार, तुड़ाई के बाद का तकनीकी ज्ञान प्रक्रिया व पणन सुविधा के माध्यम से समूह पद्धति से सर्वांगीण विकास करने के साथ ही किसानों के आर्थिक जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए पारंपरिक उत्पादन पद्धति का आधुनिक शास्त्रीय पद्धति में परिवर्तन के लिए प्रसार व प्रचार करना आदि इस योजना का उद्देश्य है.

## एकात्मिक फलोत्पादन विकास अभियान

**एकात्मिक फलोत्पादन विकास अभियान के अंतर्गत पुष्प उत्पादन विकास कार्यक्रम, खुले फूल, मसाला फसलों का उत्पादन, हल्दी उत्पादन, सामूहिक खेत तालाब, व्यक्तिगत खेत तालाब, हरित गृह, प्लास्टिक मच्लिंग, मधुमक्खी पालन, एकात्मिक पैक हाउस, शीतगृह, रायपनिंग चैंबर आदि के लिए अनुदान देय है. ऑनलाइन लॉटरी में चयन किए जाने के बाद प्राप्त लक्ष्य के मर्यादा में तहसील कृषि अधिकारियों के माध्यम से किसानों को पूर्व सहमति दी जाएगी. योजना की जानकारी के लिए संबंधित तहसील कृषि अधिकारी कार्यालय से संपर्क करने का आह्वान जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी नीलेश कानवड़े ने किया है.**

# दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन



हिंगनघाट.

रोटरी क्लब ऑफ हिंगनघाट द्वारा प्रायोजित इंटरैक्ट क्लब, नवकेतन विद्यालय, जामणी व्दारे दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ प्रशांत कोठारी ने मार्गदर्शन किया। इस प्रसंग पर रोटरी क्लब अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, सचिव सुभाष कटारिया, प्रा. बोंडे सर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला मुख्याध्यापक कलोडे सर ने की। प्रसंग पर शाला के सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी व और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# तुलजापुर में श्री सत्यसाईं स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

तुलजापुर वघालाः

> वृक्षारोपण के साथ हुआ उपचार शिविर का शुभारंभ



यहां के जि.प.प्रा. शाला में गुरुवार दि. 28 को सायं 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर आयोजित किया गया था. इस अवसर पर ओम साई पदाधिकारी विभाग साईराम फाउंडेशन के डॉ. थोटे साहब ने अपनी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ समर्पित कीं। कार्य की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना और वृक्षारोपण के साथ की गई और पर्यावरण संरक्षण और विकास पर मार्गदर्शन दिया गया. सेवादल सुधीर अड्डे जिला अध्यक्ष, वांदिले, मंगेश सोलंके, प्रवीण गुल्हाने, फार्मासिस्ट अंकित करांडे ने सभी मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श देते हुए दवा वितरित की। कुल संख्या 89 में से पुरुष 36 महिलाएं 35 और बच्चे 18 ने सहभागिता दर्शायी. गांव के ग्रामीण इस स्वास्थ्य सेवा का इंतजार करते है. साईप्रसाद मिलते ही मरीज काफी खुश और संतुष्ट महसूस कर रहे हैं। रुग्ण वाहिका ने 29198 से 29255 किमी तक 57 किमी की दूरी तय की। साईं सेवक वांदिले सर सत्यसाईं राम फाउंडेशन के रामप्रवीण झाडे, कांता लाटधरे,. नाधाजी बेहरे, शेतकरी गुरुदेव सेवक हनुमान मंदिर फाउंडेशन के ट्रस्टी गजानन ज़िकार, गजानन थुटे, माजी सरपंच कौसल्या लढी, किसनाजी भोयर, राधेशाम मोहदुरे, प्रगतिशील किसान विद्याधर जीकार, पर्यावरण संवर्धन व विकास समिती की सौ. विजया रोकड़े, वंदना जिकार, वंदना भोयर, आशा येडे आदि ने उपस्थित होकर सहयोग किया।

# ऑरेंज सिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्ची को दिया 'नया जीवन'

## > पेट की शल्यक्रिया कर निकाली गांठ




**नागपुर.**

डब्ल्यूसीएल के अस्पताल से एक साल की बच्ची को ऑरेंज सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह लगभग एक महीने से पेट के निचले हिस्से में उठ रहे दर्द से पीड़ित थी.

उसे नाभि के नजदीक सूजन भी थी। बच्ची को भर्ती करने के पश्चात ऑरेंज सिटी अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अमोल गव्हाणे और डॉ. मयूर महादुले ने उसके पेट का सभी तरह से स्कैनिंग किया जिससे बच्ची के अंडाशय में गांठ होने की जानकारी मिली। बच्ची को दर्द से छुटकारा दिलाने हेतु गांठ को निकालना बेहद जरूरी था I

बालिका के दाहिने अंडाशय की नियोप्लास्टिक सर्जरी करने का फैसला अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा किया गया। डॉ. नीता देशपांडे ने सारी सतर्कता बरतते हुए इस जटिल तथा जोखिम पूर्ण शल्य क्रिया के लिए सभी आवश्यक तैयारी की. बच्ची के पेट से मांस की गांठ शल्यक्रिया कर निकाली गई. सर्जरी के बाद बच्ची का पेट दर्द रुक गया और स्वास्थ्य में सुधार आया। ऑरेंज सिटी अस्पताल की चेयरपर्सन डॉ. विद्या नायर जी ने बताया कि इतने कम उम्र के बच्चों को इस तरह की जटिल सर्जरी के बाद भी जीवन जीते हुए देखकर मन को बहुत समाधान मिलता है। पिछले कई सालों से ऑरेंज सिटी अस्पताल में कई कॉरपोरेट कंपनियो (सरकारी तथा निजी) का समावेश किया गया है.

इसके अलावा स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की कैशलेस सुविधा भी अस्पताल में मौजूद हैं और ऑरेंज सिटी अस्पताल ने पिछले 28 सालों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है शल्य क्रिया के क्षेत्र में एक अग्रणी हॉस्पिटल के रूप में ऑरेंज सिटी हॉस्पिटल ने ख्याति अर्जित की है। हाल ही में हुए सर्वेक्षण में ऑरेंज सिटी अस्पताल ने इनफेक्शन कंट्रोल में अव्वल स्थान प्राप्त किया है इसका सारा श्रेय हॉस्पिटल की इन्फेक्शन कंट्रोल टीम को जाता है अधिक जानकारी के लिए अस्पताल के जनसंपर्क विभाग से संपर्क किया जा सकता है. रुग्णसेवा तथा एंबुलेंस बुकिंग के लिए 24/7, 9225211146 इस नंबर पर संपर्क किया जा सकता है अधिक जानकारी देखने के लिए कृपया इंस्टाग्राम पर फॉलो किया जा सकता है.

## राज्य कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

**सौंसर.**

शहर के लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित राज्य कर्मचारी संघ कार्यभारित प्रकोष्ठ जिला इकाई छिंदवाड़ा की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया बैठक के दरमियान प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ की अल्प उपस्थित गरिमा में रही एवं संघ के नेतृत्व के लिए शानदार टिप्स भी दिए एवं आगामी समय में संघ को सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया बैठक में संघ की गतिविधियों की जानकारी एवं संघ के पदाधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन के साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित चर्चा की गई बैठक की अध्यक्षता रविंद्र सोनकुसरे, पांढुर्ना द्वारा की गई बैठक में जिला इकाई संघ के अध्यक्ष संजय मटकर, सचिव बी. एल चिचाम ,उपाध्यक्ष सुधीर शेंडे, अनिल वंजारी, संगठन मंत्री आनंद , पीएल गोलाईत यशवंत अहाके, प्रीतम डेहरिया एसएन कुशवाह, आरके डे हरिया केशराम आदि की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की गई.

# बिजलीघर की जॉर्ज कॉलोनी से हाईमास्क राउंड मटेरियल की चोरी का प्रयास विफल



**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा बिजलीघर से चोरी की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। शनिवार, 30 नवंबर को बिजलीघर की जॉर्ज कॉलोनी से हाईमास्क राउंड मटेरियल की चोरी का प्रयास विफल कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी का नाम सुरेश अंशरु कवडती (32), निवासी वार्ड नं. 1, जयभोले नगर, चनकापुर बताया गया है। हालांकि, उसका एक अन्य साथी घटनास्थल से भागने में सफल हो गया। खापरखेड़ा पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

घटना के वक्त माथाडी बोर्ड के सुरक्षा रक्षक सुभाष गुरारीकर की सतर्कता ने इस चोरी को पकड़ा। जानकारी के अनुसार, खापरखेड़ा बिजलीघर की जॉर्ज कॉलोनी में एक हाईमास्क लगा हुआ था, जिसे बिजलीघर विभाग ने तोड़ दिया था। केवल हाईमास्क का सामान वहां बचा हुआ था। चोर उसी सामग्री को चुराने का प्रयास कर रहे थे।

जब यह मामला खापरखेड़ा के एक स्थानीय व्यक्ति को पता चला, तो उसने तुरंत सुरक्षा रक्षक सुभाष गुरारीकर को इसकी जानकारी दी। सुभाष गुरारीकर ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर चोर को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी को रोका गया और बिजलीघर के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई।

बिजलीघर की कनिष्ठ सुरक्षा अधिकारी रोशनी बाजीराव राऊत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल से कुल 7,000 रुपये की सामग्री जब्त की। इसमें 1 जेबी कंवर, 3 जे आय हाईमास्क राउंड, 1 कनेक्शन जेबी, 3 चोक, 2 किलो नट-बोल्ट और 2 लोहे की रस्सियां शामिल थीं। पकड़े गए चोर ने चोरी की बात कबूल कर ली है। कनिष्ठ सुरक्षा अधिकारी रोशनी राऊत की शिकायत पर खापरखेड़ा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# ऑप्टिकल प्रीमियर लीग 2024 का आगाज आज से

## > टीमों को मिला ऑप्टिकल कंपनियों का समर्थन




**नागपुर.**

ऑप्टिकल एसोसिएशन, नागपुर की ओर से ऑप्टिकल शॉप ओनर्स और उनके परिवार के लिए ओपीएल 2024 (ऑप्टिकल प्रीमियर लीग) का आयोजन किया गया है। यह टूर्नामेंट 1 और 8 दिसंबर को केडीके कॉलेज ग्राउंड पर सुबह 9 बजे से शुरू होगा।

इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें एस्सिलोर सुपर स्ट्राइकर, होया वॉरियर्स, लैस्ट्रा लायंस, जाईस सुपर किंग्स, बीएसएफ टाइगर, टीम कोडेक, शाइनिंग सन विजन और रिओ शामिल हैं।

हर टीम को किसी ऑप्टिकल संबंधित कंपनी का समर्थन प्राप्त है। इसमें यश लेन्स, रिओ लेन्स, होया लेन्स, एस्सिलॉर, जाईस, कोडेक लेन्स, ब्लू सेंस लेन्स, एलएलपी और शाइनिंग सन विजन शामिल हैं।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए ओपीएल मैनेजमेंट टीम के प्रमुख आशिष निखाडे, कैलाश चौधरी, आशिष कन्हेरे, विकास मानकर और महेश शर्मा ने कड़ी मेहनत की है। साथ ही, ऑप्टिकल एसोसिएशन नागपुर की अध्यक्षा प्रज्ञा मोदी, सचिव संजय डबली, कोषाध्यक्ष ललित छाबरानी, रिज़वान दोशी, अमित शुक्ला, सारंग गादेवर, अभिजीत उड़ाखे, कपिल गणवीर, अविनाश आहूजा और युवराज कारला का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। यह टूर्नामेंट ऑप्टिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच खेल भावना को बढ़ावा देने और सामूहिकता को मजबूत करने का एक बेहतरीन प्रयास है।

# सवार के साथ बैठने वाले के लिए हेलमेट अनिवार्य: कामठी पुलिस

## पोरे, जुमड़े, पतंगे ने दी दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी



**कामठी.**

शहर व ग्रामीण में वाहन चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगाम लगाने के लिए चल रहे बड़े पैमाने पर प्रवर्तन अभियान के बीच, उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में नया कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे, जूना कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े व कामठी विभाग यातायात पुलिस निरीक्षक नितीन पतंगे ने दोपहिया वाहन चलाने वालों सहित पीछे बैठने वालों से हेलमेट पहनने की 'अनिवार्य' आदत बनाने का आग्रह किया है.

उन्होंने हेलमेट के उपयोग के महत्वपूर्ण महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पीछे बैठने वाले सवार की सुरक्षा को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है. चेतावनी दी है कि उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 194 डी के तहत दंड हो सकता है.

उन्होंने कहा, हमारी सड़कों पर सुरक्षा सर्वोपरि है, और जीवन की रक्षा जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं को अपनाने से शुरू होती है. सड़क सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू हेलमेट का उचित उपयोग है, न केवल सवारों के लिए, बल्कि पीछे बैठने वालों के लिए भी. उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना का शत-प्रतिशत केस बिना हेलमेट बाइक व स्कूटी चलाने वाले के कारण बढ़ रहा है. दुर्घटना का अधिकांश शिकार बिना हेलमेट बाइक व स्कूटी चलाने वाले हो रहे हैं. इसी को कम करने के लिए अब बिना हेलमेट वालों पर कार्रवाई सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी ई-चालान द्वारा किया जाएगा. उन्होंने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 के तहत दोपहिया वाहन चलाने या उसकी सवारी करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के मानदंडों के अनुरूप हेलमेट पहनना अनिवार्य है. यह नियम सवार और पीछे बैठी यात्री दोनों पर लागू होता है. इस प्रावधान का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 194 डी के तहत दंड लग सकता है, जिसमें गैर-अनुपालन के लिए जुर्माने का प्रावधान है. अंत में प्रमोद पोरे, प्रशांत जुमड़े, नितीन पतंगे ने सभी नागरिकों से हेलमेट को एक अनिवार्य आदत बनाने का आग्रह किया है कि माता-पिता, अपने बच्चों के लिए एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए. सुरक्षित रहें, जिम्मेदारी से गाड़ी चलाएं और हमेशा हेलमेट पहनें.

# आशीष जयसवाल को मिल सकता है मंत्री पद!

## > मंत्री बनने पर रामटेक के विकास को मिलेगी नई गति



**रामटेक.**

महाराष्ट्र की राजनीति में मुख्यमंत्री पद का फैसला अभी तक अधर में है, लेकिन सूत्रों की मानें तो रामटेक विधानसभा क्षेत्र को इस बार मंत्री पद मिलने की संभावना प्रबल नजर आ रही है। शिवसेना के नवनिर्वाचित विधायक एड आशीष जयसवाल को मंत्रिमंडल में जगह मिलने की अटकलें तेज हो गई हैं।

रामटेक की जनता ने एड जैस्वाल पर दोबारा भरोसा जताते हुए उन्हें विधायक चुना है। पिछले कुछ वर्षों में उनके नेतृत्व में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों ने जनता का दिल जीता है। चाहे वह बुनियादी ढांचे में सुधार हो या सामाजिक योजनाओं का क्रियान्वयन, जयसवाल ने हर मोर्चे पर सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी लोकप्रियता और क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ ने उन्हें इस पद का दावेदार बना दिया है।

रामटेक की जनता मंत्रीपद की संभावनाओं को लेकर उत्साहित है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि एड आशीष जयसवाल को मंत्री पद मिलता है तो इससे क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज होगी। लोगों को उम्मीद है कि जयसवाल अपने अनुभव और कार्यशैली के जरिए रामटेक को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

**जिम्मेदारियों को निभाने का वादा**

ऐंड. जयसवाल ने अपने अब तक के कार्यकाल में जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाया है। उनका कहना है कि वह रामटेक के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और अगर मंत्रीपद मिलता है, तो यह अवसर क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित होगा। रामटेक में इस खबर से एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। जनता को विश्वास है कि एंड आशिष जैस्वाल क्षेत्र के विकास को नई दिशा देंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। मंत्री बनने की संभावनाओं के बीच रामटेक की जनता को अब सिर्फ आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 480-2 | 689-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 170-8 | 268-6 |
| प्रभात | 238-3 | 167-4 |
| प्रभात नाईट | - | - |
| डायमंड | 377-7 | 138-2 |
| मेन बाजार | 599-3 | 457-6 |
| मिलन डे | 247-3 | 330-6 |
| मेन रतन | 346-3 | 133-7 |
| कल्याण | 137-1 | 577-9 |
| राजधानी डे | 380-1 | 300-3 |
| राजधानी नाईट | 789-4 | 234-9 |
| कुबेर डे | -- | -- |
| डायमंड नाईट | -- | -- |

# सैलून की आड़ में देह व्यापार

## पुलिस की कार्रवाई में चार महिलाएं मुक्त




**नागपुर.**

वर्धा रोड सोनेगांव में लक्ष्मी विहार अपार्टमेंट में पुलिस ने छापा मारा। स्पर्श सैलून अकादमी एड स्पॉ सेंटर की आड़ में देह व्यापार करने का खुलासा हुआ। कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। सोनेगांव थाने में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से मोबाइल, नकदी, रजिस्टर आपत्ति जनक सामग्री जब्त की गई है। इस बीच पीड़िता के तौर पर आरोपी के कब्जे से चार महिलाओं को मुक्त किया गया है। शनिवार की दोपहर अवकाशकालीन अदालत में उन्हें पेश किया गया।

आरोपी मनोज उर्फ राजा रमेश बंदेवार (24) वर्धा रोड सोनेगांव स्थित लक्ष्मी विहार अपार्टमेंट निवासी है। कुछ महीनों पहले उसने उक्त अपार्टमेंट से स्पर्श सैलून अकादमी एड स्पॉ सेंटर संचालित किया है। उसकी आड़ में वह देह व्यापार का अड्डा चला रहा था। अपराध शाखा के सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम को गुप्त जानकारी मिली थी। जिससे गत कुछ दिनों से टीम सैलून व स्पा सेंटर की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी।

गतिविधियां संदिग्ध होने से आला पुलिस अधिकारियों को उसकी सूचना दी गई। तय योजना के तहत नकली ग्राहक को वहां पर भेजा गया। मौज मस्ती का सौदा पक्का होते ही ग्राहक ने सादे लिबास में बाहर खड़ी पुलिस को कार्रवाई का संकेत दिया। जिससे पुलिस ने छापा मार कार्रवाई को अंजाम दिया । बताया जा रहा है कि आरोपी गरीब व आर्थिक स्थिति से कमजोर कुछ महिला व युवतियों को कम समय में ज्यादा पैसा कमाने का लालच देकर उन्हें देह व्यापार की दलदल में धकेल देता था। इतना ही नहीं लड़की लेकर आने वाले ग्राहक व कमरा उपलब्ध करा देता था। रिहायशी क्षेत्र में चल रहे इस घिनौने काम की वहां के लोगों को भनक तक नहीं थी,लेकिन रोजाना नए-नए लोगों का आना जाना होने से उन्हें संदेह हुआ । कार्रवाई के दौरान आरोपी मनोज के कब्जे से दो मोबाइल फोन,नकद साढ़े चार हजार रुपए,सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर,आपत्ति जनक सामग्री और एक रजिस्टर जब्त किया है।

रजिस्टर में नियमित आने वाले ग्राहकों के नाम, पता और फोन नंबर और हिसाब किताब लिखा हुआ है। ऐसे कुल 36 हजार 600 रुपए का माल जब्त किया गया है।

इस बीच चार महिलाओं को पीड़िता के तौर पर मनोज के कब्जे से मुक्त कराया गया है। उन्हें संबंधित थाने के सुपुर्द किया गया । जिससे मनोज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता धारा 143 (3)सह धारा 4,5,7 पीटा एक्ट 195 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। शनिवार की दोपहर अवकाश कालीन अदालत में पेश कर पीड़िताओं को सुधारगृह और आरोपी मनोज को पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। पुलिस आयुक्त डॉ.रविंद्र सिंगल,सह पुलिस आयुक्त निसार तांबोली,अपर आयुक्त संजय पाटील,उपायुक्त राहुल माखनिकर,सहायक उपायुक्त सुधीर नंदनवार के मार्गदर्शन में रविंद्र नाईकवाडे,सहायक निरीक्षक शिवाजी नन्नावरे,शेषराव राऊत, अश्विन मांगे, नितीन वासने, कुणाल मसराम, लता गवई और पूनम शेंडे ने कार्रवाई की है।

# 8.51 लाख की चोरी करने वालों को पुलिस ने दबोचा

**नागपुर.**

गिट्टीखदान क्षेत्र में हुई चोरी का पर्दाफाश हो गया है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार की दोपहर उसे अदालत में पेश पुलिस रिमांड में लिया गया है। घटित वाकये से चोरी हुए माल में से दोगुना माल पुलिस ने जब्त किया है। जिसे लेकर आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है,हालांकि जानकारों का मानना है कि प्रकरण दर्ज करते वक्त पुलिस ने चोरी हुए सोने की कीमत में पुराना दर लगाया था,जबकि माल की बरामदगी में नया दर लगाया गया है। जिससे जब्त माल की कीमत ज्यादा दर्शायी गई है।

राठोड़ ले-आउट अनंत नगर निवासी प्रीति चारुदत्त कांबले (52) दोपहर करीब दो बजे बैंक में गई हुई थी। जहां से करीब एक घंटे बाद ही वह घर लौटी ।

उस दौरान घर में कोई नहीं था। मौका देखकर किसी ने दरवाजे का ताला तोड़ दिया और उसके घर में प्रवेश कर अलमारी से करीब 4 लाख 50 हजार रुपए की नकदी और सोना और हीरे जड़ित आभूषण ऐसे कुल 8 लाख 51 हजार रुपए का माल चोरी कर लिया था। संबंधित गिट्टी खदान थाने में प्रकरण दर्ज किया गया। दिनदहाड़े लाखों रुपए की चोरी होने से हड़कंप मचा रहा। प्रकरण की गंभीरता से तत्काल पुलिस हरकत में आ गई। परिसर की नाका बंदी की गई। सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। बरामद फुटेज और गुप्त जानकारी के आधार पर कुख्यात बदमाश आरोपी रोशन सेवक दास मेश्राम (41 ) गिट्टीखदान निवासी को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ के दौरान वह टालमटोल जवाब देने लगा था,जब पुलिस ने उसे बाजीराव दिखाया तो वह तोते की तरह बोलने लगा और घटित प्रकरण को अंजाम देने की बात उसने स्वीकार की । उससे चोरी किए हुए नकदी में से 4 लाख नकद और 259 ग्राम सोने के आभूषण ऐसे कुल 18 लाख 13 हजार रुपए का माल बरामद किया गया है।

# बेरडी मार्ग पर बस-मोटरसाइकिल टक्कर में एक की मौत

## > ग्रामीण कर रहे निजी स्कूल बसों पर कार्रवाई की मांग

**सौंसर.**

शुक्रवार की शाम 4 बजे के आसपास सौसर बेरडी सड़क मार्ग पर गोबजी महाराज मंदिर समीप एक बस ने मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र को जबरदस्त टक्कर मार दी।

जिसके चलते रंगारी निवासी मोटर सायकल चालक चोखाराम महाजन ठाकरे उम्र 70 वर्ष की मौत हो गई है। वही सारंग महाजन गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि, सौसर में चोखाराम महाजन अपने गांव जा रहे थे वही बस बेरडी से बच्चों को छोड़कर वापस लौट रही थी। तभी यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि, हमारे द्वारा 108 सेवा की मदद के लिये फोन लगाए गए किंतु एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुची। जिसके कारण चोखाराम महाजन ठाकरे की मौका स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद दोनों को सिविल अस्पताल सौसर पहुंचाया गया। जहां पर सारंग का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर होने से नागपुर रेफर किया गया। सौसर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुए जांच में लिया है। घटना के बाद में 108 की समय पर सेवाएं नहीं मिलने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा आक्रोश व्यक्त किया गया है।

### सड़को पर बेलगाम दौड़ रही है निजी स्कूलों की बसे



शुक्रवार को हुई दुर्घटना में एक स्कूल बस के द्वारा टक्कर से ग्रामीण की हुई मौत को लेकर चर्चाएं हो रही है। हालांकि कौन सी स्कूल की बस ने मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मारी है पता नहीं लगा है। ग्रामीणों के द्वारा ठोकर मारने वाली बस पर कार्रवाई करने की मांग भी की गई है। देखने में आया है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सौसर नगर क्षेत्र के निजी स्कूलों में अनफिट गाड़ियों बसों में बड़े पैमाने पर स्कूली छात्र-छात्राओं को भेड़ बकरियों की तरह भरकर आवागमन किया जा रहा है। बच्चों को लाना ले जाना करने वाली यह बसे सड़कों पर तेज गति से दौड़ रही है। निजी स्कूलों में चल रही खटारा अनफिट बसों एवं छोटी गाड़ियों की शिकायत कई बार परिवहन विभाग, पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को पांलकगनों के द्वारा की जा चुकी है। बावजूद इसके स्कूलों बसों की जांच ओर कार्यवाही नही की जा रही है। जिसके चलते स्कूलों में चलने वाले बस संचालकों के हौसले बुलंद हो गए हैं। बार-बार प्रशासन से शिकायत करने के बाद भी क्षेत्र की निजी स्कूलों की बसों एवं गाड़ियों की जांच क्यों नहीं की जा रही है। यह चर्चा का विषय है। ग्रामीणों के द्वारा भी दुर्घटना के बाद स्कूलों में चल रहे हैं बसों की गति पर लगाम और स्कूल बसों गाड़ियों की जांच कार्यवाही करने की मांग की जा रही है। ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# 'विप्स वेस्टर्न रीजन' का क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न




## > डब्ल्यूसीएल को मिला 'बेस्ट एक्टिविटी अवार्ड'

**नागपुर.**

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में वुमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स) वेस्टर्न रीजन का क्षेत्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के साथ-साथ एचपीसीएल, ओएनजीसी, आरसीएफ, मजगांव डॉकयार्ड लिमिटेड, मोइल, इसीजीसी, एनपीसीआईएल जैसी पब्लिक सेक्टर कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

डब्लूसीएल के सीएमडी जे. पी. द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने महिलाओं द्वारा विप्स के अंतर्गत किए गए कार्यों की सराहना की और बताया कि कोयला खनन उद्योग में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि वेकोलि में वर्तमान में कुल श्रमशक्ति का लगभग 10% हिस्सा महिलाएं हैं।

सीएमडी ने नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए डब्लूसीएल द्वारा सीएसआर के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण देते हुए महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारी के लिए तैयार होने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर डब्लूसीएल के निदेशक तकनीकी ए. के. सिंह, निदेशक (वित्त एवं कार्मिक) बिक्रम घोष, मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय मधुकर मेहत्रे, और विप्स – पश्चिम क्षेत्र की अध्यक्षा अनुपमा टेमुर्णीकर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान विप्स द्वारा आयोजित निबंध और स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही, डब्लूसीएल को वर्ष 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'बेस्ट एक्टिविटी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने सत्र आयोजित किए, जिनमें शामिल थे: 'स्वस्थ मन - स्वस्थ जीवन की कुंजी' पर डॉ. प्रज्ञा माथुर, 'अनुभवात्मक उपचार' पर कीर्ति बोहरा, 'माइंडफुलनेस' पर पद्मिनी जोग, 'तनाव और चिंता का समाधान' पर डॉ. शैलेश पांगांवकर

विप्स डब्लूसीएल ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत महिलाओं के लिए ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता शिविर, रक्तदान शिविर, योग शिविर, पोषण संबंधी जागरूकता और यूटेराइन कैंसर स्क्रीनिंग शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इसके अलावा, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान में भागीदारी, स्कूली बच्चों में सामग्री वितरण, और विशेष दिनों जैसे वुमन्स डे, नर्सेज डे, और मदर्स डे पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। यह सम्मेलन महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत रहा और उनके सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। डब्लूसीएल ने महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने और उनके उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।